# ग्वालियर मेला का वैभव बढ़ाने करेंगे हर प्रयास



मेला व्यापारी संघ ने एयरपोर्ट पर मुलाकात कर रोड टैक्स में छूट दिलाने के लिए भेंट किया धन्यवाद पत्र।

**ग्वालियर, 14 जनवरी. ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर आगमन पर एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें धन्यवाद पत्र भेंटकर उनके पुरजोर प्रयास एवं व्यापारी हित में संवेदनशीलता के साथ उठाए कदमों के परिणामस्वरूप राज्य शासन द्वारा ऑटोमोबाइल सेक्टर में आरटीओ टैक्स में पचास फीसदी छूट दिए जाने के निर्णय के लिए समस्त मेला व्यापारियों की ओर से उनका हृदय से आभार व्यक्त किया.**

मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने सिंधिया से आग्रह किया कि मेला व्यापारियों के प्रति ऐसा ही सानिध्य एवं अनुराग सदैव बनाए रखें.

इस अवसर पर सिंधिया ने ग्वालियर के चतुर्दिक विकास एवं व्यापारी हित की रक्षा के लिए सदैव समर्पित एवं तत्पर रहने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि सिंधिया परिवार की सवासौ वर्ष पुरानी गौरवशाली विरासत ग्वालियर व्यापार मेला की गरिमा, वैभव एवं शानदार परंपराओं को और अधिक समृद्ध करने और यहां छोटे, मझौले, बड़े सहित सभी श्रेणी के मेला व्यापारियों को निर्विघ्न व्यापार के लिए सभी साधन, संसाधन, फ्रेंडली वातावरण एवं नए जमाने की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वे अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयासों में जुटे हुए हैं. सिंधिया ने राज्य शासन द्वारा ऑटोमोबाइल सेक्टर में आरटीओ टैक्स में पचास फीसदी छूट दिए जाने पर ऑटोमोबाइल्स सहित सभी मेला व्यापारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि इस बार भी मेला में सभी व्यापारी, दुकानदार जमकर कारोबार करेंगे और पूरे वर्षभर ग्वालियर मेला की प्रतीक्षा करने वाले सैलानी अपनी मनपसंद खरीददारी कर अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे.

### साहस की जीवंत चेतना है पानीपत शौर्य दिवस

**ग्वालियर**. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में पानीपत शौर्य दिवस पर मराठा सेनानायक महादजी सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की. अचलेश्वर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर तृतीय पानीपत युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले मराठा वीरों को नमन किया और देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी. सिंधिया ने कहा कि यह दिवस राष्ट्रबोध, त्याग और अदम्य साहस का प्रतीक है.

## एक नजर में

### ई-टोकन से होगा उर्वरक वितरण, किसानों को मिलेगी पारदर्शी और समयबद्ध सुविधा

**रतलाम**। किसानों को पारदर्शी, सुगम एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जा रहा है।ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसानों को एमपीएफआर पोर्टल (एमपीएफआर पोर्टल) के फार्मर कॉर्नर में मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। लॉगिन के बाद आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी से आधार सत्यापन किया जाएगा, जिसमें नाम मैच स्कोर 80 प्रतिशत से अधिक होना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर का भी सत्यापन किया जाएगा।इसके बाद पीएम किसान सम्मान निधि पात्रता हेतु हाँ/नहीं विकल्प का चयन कर फेच लेंड डिटेल पर क्लिक कर सर्वे नंबर जोड़े जाएंगे।आधार से भूमि स्वामी का नाम मिलान न्यूनतम 20 प्रतिशत होना आवश्यक है।भूमि विवरण जोड़ने के बाद वेरीफिकेशन ऑल लेन पर क्लिक कर समग्र आईडी दर्ज करनी होगी। सहमति बॉक्स पर क्लिक कर पुनः आधार ओटीपी के माध्यम से फाइनल सबमिट करना होगा।ई-टोकन देखने के लिए किसान को फार्मर आईडी बनाना आवश्यक है, जिसमें सभी सर्वे नंबर जोड़ना होंगे। इस कार्य हेतु संबंधित पटवारी से संपर्क किया जा सकता है। ई-टोकन जनरेट करने के लिए किसान वेबसाइट पर लॉगिन कर आधार एवं मोबाइल ओटीपी से सत्यापन करेंगे। इसके पश्चात एग्री-स्टैक से भू-अभिलेख देखकर विक्रेता (सहकारी या नगद विक्रय केंद्र) का चयन, फसल का चयन तथा उर्वरक की मात्रा की गणना कर ई-टोकन जनरेट किया जाएगा। उर्वरक प्राप्त करने के लिए किसानों को संबंधित उर्वरक विक्रेता के यहाँ ई-टोकन दिखाकर उर्वरक खरीदना अनिवार्य होगा।

### बंशीलाल काबरा का नेत्रदान : दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा

**रतलाम**। टीआईटी रोड निवासी स्वर्गीय बंशीलाल काबरा के निधन के उपरांत उनके परिजनों द्वारा नेत्रदान कर मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की गई।इस पुण्य कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्राप्त होगी, जिससे उनके जीवन में नया प्रकाश आएगा। दिवंगत के पुत्र प्रीतम माहेश्वरी, मुकेश काबरा एवं अन्य परिजनों को इस नेक कार्य के लिए चंद्रप्रकाश शारडा, मनीष तोतला एवं सुनील डागरा ने प्रेरित किया।नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई।उनके निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर राजवंत सिंह, विनोद कुशवाह ने दीपक चौहान के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि दिवंगत के निवास स्थान तक मेडिकल टीम को पहुँचाने एवं पुनः मेडिकल कॉलेज लाने की संपूर्ण व्यवस्था नेत्रम संस्था के सदस्य सुशील मीनू माथुर द्वारा अपने निजी वाहन से की गई। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान परिवारजन, रिश्तेदार, मित्र एवं समाजजन उपस्थित रहे। उन्होंने कॉर्निया संरक्षण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा, इससे जुड़ी भ्रांतियों को समझा तथा भविष्य में स्वयं भी नेत्रदान करने का संकल्प लिया।

## एक नजर में

### जमीनी विवाद में दबंगों ने ठेकेदार को मारी गोली

**गुना**. जिले में म्याना थाना क्षेत्र के धमनार गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने एक दलित ठेकेदार पर जानलेवा हमला कर दिया. घटना मंगलवार रात करीब 8:30 बजे की है, जब भवन निर्माण ठेकेदार दिमान सिंह जाटव अपने काम से घर लौट रहे थे. धमनार और रेंझाई के बीच स्थित आरोपियों के खेत के पास पहले से घात लगाकर बैठे चार हमलावरों ने दिमान सिंह को घेर लिया. जैसे ही उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल धीमी की, आरोपियों ने पहले लाठियों से हमला कर गाड़ी गिरा दी और इसी बीच राजेंद्र रघुवंशी नामक आरोपी ने दिमान सिंह पर कट्टे से फायर कर दिया.

### नमो ग्रुप फाउंडेशन के रवि प्रजापत जिलाध्यक्ष बने

**रतलाम**। नमो ग्रुप फाउंडेशन वद्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रवि प्रजापत को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन में नई ऊर्जा, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के विस्तार का प्रतीक है। प्रदेश महामंत्री अशोक गुर्जर की अनुशंसा पर यह निर्णय लिया गया, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चौहान, राष्ट्रीय महासचिव मेहर्षि देसाई एवं राकेश भावसार की सहमति प्राप्त हुई। इसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष रोशन वर्मा द्वारा नियुक्ति को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई।नमो ग्रुप के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।

# अबोध बच्चे पर कुत्ते का जानलेवा हमला

**ग्वालियर. बुधवार को एक आवारा कुत्ते ने तीन साल के अबोध बच्चे पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया.कुत्ते ने बच्चे के चेहरे को नोच दिया, इससे उसकी हालत गंभीर हो गई.**

परिजनों ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसके चेहरे पर 14 और पैर में 4 टांके आए हैं. करियावटी गांव के रहने वाले आकाश कुशवाह के बेटे प्रवीण को आवारा कुत्ते ने नोचकर जख्मी कर दिया. बच्चे के चेहरे और पैर पर काफी बड़े घाव हो गए थे. उसे ग्वालियर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. पीडियाट्रिक सर्जन की टीम ने बच्चे का कठिन ऑपरेशन किया.

डॉक्टर्स ने बताया कि इस



ऑपरेशन में उनके सामने बड़ी चुनौती और समस्या थी क्योंकि ऑपरेशन के दौरान वह चाहते थे कि बच्चे का चेहरा खराब न हो और चेहरे की नसों को भी नुकसान न पहुंचे. बच्चे के चेहरे पर 14 और पैर में 3 टांके आए हैं. ऑपरेशन के बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट कर दिया है. बच्चे को 3 से 4 दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा. ऑपरेशन करने वाली टीम का नेतृत्व डॉ जितेंद्र ग्रोवर ने किया. उन्होंने बताया कि प्रवीण बीते रोज वार्ड में भर्ती हुआ था, जहां मैंने उसे देखा. बच्चे के घाव से खून साफ करने के बाद उसे एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए. फिर काफी ध्यान से उसकी सर्जरी की. ऑपरेशन में डॉ. अन्नू, डॉ. चित्रांगद और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन थे.

**नि :शुल्क किया बच्चे का ऑपरेशन**

उनका कहना है कि ऑपरेशन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा कि बच्चे की चेहरे की किसी नस को नुकसान न पहुंचे. परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए जीआरएमसी के डीन डॉ. आरकेएस धाकड़ के निर्देश पर एचओडी डॉ. दिलीप गर्ग ने मरीज का ऑपरेशन निशुल्क किया.

**तीन प्रमुख अस्पतालों में पहुंचे कुत्ते के 390 शिकार**

3 अस्पतालों में डॉग बाइट के 390 मरीज इलाज के लिए आए. इनमें सबसे ज्यादा 150 मरीज जिला अस्पताल मुरार में आए. इसके बाद 133 मरीज न्यू जेएएच के पीएसएम विभाग में और 107 मरीज सिविल अस्पताल हजीरा में इलाज के लिए आए. इन मरीजों को एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाए गए. इनमें से किसी मरीज को पहला तो किसी को दूसरा या तीसरा इंजेक्शन लगाया गया.

### खमरिया थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**जबलपुर**. पुलिस व्यवस्था में और कसावट लगाने पुलिस अधीक्षक ने एक बार फिर थाना प्रभारियों में फेरबदल कर दिया. अब खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो को लाइन अटैच कर दिया गया है. जबकि बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक को खमरिया थाने की कमान सौंपी गई है. पुलिस लाइन से जितेंद्र पाटकर को बेलबाग थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके पहले मदनमहल थाना प्रभारी संगीता सिंह को लाइन अटैच किया जा चुका है. जबकि हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज कुमार राज को मदनमहल और ग्वारीघट थाना प्रभारी रहे सुभाषचंद्र बघेल को हनुमानताल थाने की कमान सौंपी जा चुकी है.

# 13 करोड़ नाबार्ड लोन में गड़बड़झाला

### सीबीआई की दबिश

**सेंधवा, 14 जनवरी. बुधवार सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने सेंधवा में तायल बंधुओं के विभिन्न ठीकानों पर दबिश दी. यह कार्रवाई नाबार्ड से लिए गए करीब 13 करोड़ रूपए के ऋण से जुड़े मामले में दर्ज एफआईआर के बाद की गई.**

बताया जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा दबिश दी गई है. हालांकि हालांकि, जांच से जुड़े अधिकारियों ने अभी तक मीडिया से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सांझा नहीं की है. टीम ने शहर के रामकटोरा क्षेत्र में भी दबिश देकर पुछताछ की. सीबीआई की टीम ने सेंधवा स्थित पुराना एबी रोड, झंवर कॉलोनी और एक अन्य स्थान पर जांच शुरू की है. मामला एग्रो क्लस्टर परियोजना के नाम पर लिए गए ऋण के कथित दुरुपयोग से जुड़ा बताया जा रहा है. सीबीआई कोलकाता की आर्थिक अपराध शाखा ने नाबार्ड बैंक भोपाल के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है. यह शिकायत नाबार्ड भोपाल के डीजीएम नंदू जे नायक द्वारा की गई थी. एफआईआर में सेंधवा के निमाड़ एग्रो पार्क के संचालक अर्पित कुमार तायल, निकुंज तायल, अशोक कुमार तायल और अंकित कुमार तायल को आरोपी बनाया गया है. सीबीआई की एफआईआर के अनुसार वर्ष 2019 में ग्राम जानली में एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर स्थापित करने के लिए नाबार्ड से 13.99 करोड़ रूपए का ऋण स्वीकृत कराया गया था.

**इन धाराओं में एफआईआर दर्ज**

जांच में नाबार्ड को करीब 12.99 करोड़ रूपए की मूल राशि और लगभग 44 लाख रूपए ब्याज का नुकसान सामने आया है. सीबीआई ने आरोपियों और अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409, 467, 468 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(सी) के तहत एफआईआर दर्ज की है.

### पुलिस ने 9 को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

**रतलाम.** पुलिस ने वीडियों सामने आने के बाद लेन-देन के विवाद में लाठी और डंडे चलाने वाले आरोपियों का जुलूस निकाला. मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया हैं. सभी पर शांति भंग के आरोप में केस दर्ज किया. सोमवार रात स्टेशन रोड थाने के पीछे पुलिस लाइन में युवाओं के दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे. जमकर लात घूंसे व लाठियां चली थी. मारपीट का वीडियो सामने आया था. वीडियो के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों को पकड़ा. बुधवार शाम मारपीट करने वालों का पैदल जुलूस के रूप में थाने से बाहर तक लाए. बता दे कि विवाद का वीडियो सामने आया था. वीडियो के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों को पकड़ा.

# भांडेर विधायक फूलसिंह के बिगड़े बोल

## फूलसिंह बरैया ने कुत्ते से की विधायकों और सांसदों की तुलना

**ग्वालियर, 14 जनवरी. भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया ने अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विधायकों और सांसदों की तुलना कुत्ते से की है. उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि ज्वॉइंट इलेक्टोरल में प्रवेश करने के बाद हमारे प्रतिनिधि कैसे हो जायेंगे, जैसे कि कुत्ते के मुंह पर बंधी पट्टी. काटने की बात छोड़िये, वह कुत्ता भौंक भी नहीं पायेगा.**

बरैया ने कहा कि हम प्रयास करें कि हमारी आदिवासी हिन्दू न बन पाये, अगर आदिवासी सरना (वनों का धर्म) बन जाये तो आदिवासी की भी मुक्ति का



मार्ग निकल सकता है. फूलसिंह ने यह बातें भोपाल के समन्वय भवन में कांग्रेस की डिक्लेरेशन -2 की ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक में कही. मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद उदित राज, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के राजू आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, विधायक ओंकार सिंह मरकाम, विधायक डॉ. हीरालाल अलावा मौजूद थे.

विधायक फूलसिंह बरैया ने कहा कि 2002 में भोपाल डिक्लेरेशन-1 आया था. अब डिक्लेरेशन -2 आने वाला है. हो सकता है कि यह भी आगे आने वाले समय में हमारी समस्याओं का समाधान न कर पाये. इसकी तह में जाना होगा कि परेशानी कहां पर है. समस्या का समाधान बाबा अंबेडकर के पास है.

# जानवरों को मारने बिछाया करंट का जाल, खुद जिंदा जल गया शिकारी

**जबलपुर, 14 जनवरी. बरगी थाना अंतर्गत निगरी में जंगली जानवरों को मारने हाईटेंशन लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर खेत में करंट का जाल बिछाने वाला शिकारी खुद करंट की चपेट में आ गया और जिंदा जल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंचम पिता नन्नेलाल 56 वर्षीय निवासी खुर्सी का जंगली सूअरो को मारकर बेचता था. निगरी में जंगली जानवरों को मारने के लिए पंचम ने हाईटेंशन लाइन से कनेक्शन किया करता था और जंगली जानवरों का शिकार करता था. बुधवार की सुबह भी जब वह हाई टेंशन लाइन से अवैध



कनेक्शन करने के लिए तार को लगा रहा तभी वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी.

# मंत्री-सांसद ने मनाया मकर संक्रांति पर्व

**आलीराजपुर, 14 जनवरी. मकर संक्रांति के पर्व पर शहर में हर्षोल्लास का माहौल दिखाई दिया. कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने अपने कार्यकर्ताओं और वनवासी कल्याण छात्रावास के बच्चों के साथ मिलकर पारंपरिक खेलों का आनंद लिया.**

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद चौहान ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हल्दी कुमकुम की परंपरा का भी निर्वहन किया. सांसद चौहान ने उपस्थित महिलाओं को हल्दी कुमकुम की टिकी लगा कर मकर संक्रांति का उपहार प्रदान किया.



हल्दी कुमकुम के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं दो टीम बनाई गई, जिसमें एक टीम के कप्तान केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान थे वहीं, दूसरी टीम ने सांसद अनिता चौहान के नेतृत्व में टास जीत कर पहली पारी खेली.

गिल्ली डंडा के बाद वहां पतंगों की डोर संभाल कर सभी ने पतंग का आनंद लिया. जिसके बाद वनवासी कल्याण छात्रावास के बच्चों के साथ क्रिकेट का आनंद भी लिया गया. कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री एवं सांसद के साथ साथ जिलाध्यक्ष किशोर शाह, जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, जिला मंत्री रितेश डावर, विधायक प्रतिनिधि दिलीप चौहान एवं गोविंदा गुप्ता, नगर अध्यक्ष गिरिराज मोदी, नगर महामंत्री राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता अशोक ओझा, प्रताप सिह सिसोदिया, दशरथ चंदेल सहित जिला एवं नगर मंडल सहित महिला मंडल की कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### पुलिस की घेराबंदी में मिले कंटेनर में भरा था 36.260 किलोग्राम गांजा

**सीधी.** रात के अंधेरे में अमिलिया पुलिस की घेराबंदी में कंटेनर में भरा 36.260 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया. अंधेरा का फायदा उठाते हुए दो तस्कर फरार होने में कामयाब रहे.

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना अमिलिया पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया.

# पतंगबाजी के दौरान 11 हजार विद्युत लाइन से झुलसा किशोर

### अस्पताल में मौत, परिवार में छाया मातम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 जनवरी, रीवा में मकर संक्रांति के पर्व की खुशियां आज एक परिवार के लिए मातम में तब्दील हो गई. यहां घर की छत पर पतंग उड़ा रहा 13 वर्षीय किशोर 11 हजार विद्युत लाइन के करंट में झुलस गया, जिसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई.**

यह हादसा विद्युत लाइन में फंसी पतंग को निकालते समय हुआ है. किशोर लोहे की पाइप से पतंग निकाल रहा था, तभी अचानक से तेज धमाका हुआ और किशोर करंट से भडक़ी आग में झुलस गया. चिरहुला स्थित चौरसिया कॉलोनी में रहने वाले रामायण चौरसिया का 13 वर्षीय पुत्र कुश चौरसिया दोपहर घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी पतंग घर की छत से करीब 12 फीट दूर गुजरी 11 हजार केवी लाइन के विद्युत तार में जा फंसी. करंट से अनजान किशोर विद्युत लाइन में फंसी हुई पतंग को निकलने का प्रयास कर रहा था, जिस दौरान वह लोहे की पाइप से पतंग निकल रहा था तभी अचानक से एक तेज धमाका हुआ और करंट के कारण भडक़ी आग में किशोर बुरी तरह झुलस गया.

# आवास योजना की नहीं दी पूरी जानकारी, सीएमओ को नोटिस

- जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न
- कलेक्टर ने दिए जनहित के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सीएमओ पिपलोदा को नोजिटस जारी किया जा रहा हैं। उन्होंने अधूरी जानकारी प्रस्तुत की थी।

कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा शासकीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक का



आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सीएमओ पिपलोदा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए पी ओ डूडा को निर्देशित किया।सभी प्रकार की पेंडेंसी संबंधी जानकारी कारण सहित प्रस्तुत करने, पात्र लोगों को पात्र घोषित करने अपात्र लोगों को अपात्र घोषित करने तथा जिनको होल्ड पर रखा गया है, उनकी जानकारी देने के लिए एक सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की गई। बड़ावदा, पिपलोदा और सैलाना क्षेत्र के लिए इंजीनियर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में परियोजना अधिकारी अरुण पाठक द्वारा जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, बी एल सी घटक 1.0 , बी एल सी घटक 2.0, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, अमृत योजना 2.0, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, गीता भवन निर्माण कार्य, विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन संबंधी कार्य की प्रगति, एसबीएम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, अनधिकृत कॉलोनी की जानकारी का नगरीय निकायवार प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण कार्यों में रिकवरी संबंधी कार्यवाही की जाए, इस संबंध में न्यायालय कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को जानकारी दी जाए तथा आरआरसी के प्रकरणों का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

# गंदे पानी से सब्जियां उगाने पर कोर्ट सख्त

- पीसीबी की रिपोर्ट चौंकाने वाली
- हाईकोर्ट ने कहा- सुझावों पर तत्काल हो कार्रवाई

**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने नाले के गंदे व विषैले पानी से सब्जी उगाने के मामले को सख्ती से लिया. मामले पर सुनवाई के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने नालों के पानी की जांच रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है.**

शहर के लगभग सभी नालों के पानी में भारी मात्रा में सीवेज मिलता है, जिस कारण वह अत्यंत दूषित है. यह पानी पीने, निस्तार और सिंचाई के लिए पूर्णतः अनुपयोगी है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सरकार को कहा कि प्रदूषण बोर्ड के सुझावों पर तत्काल अमल करके रिपोर्ट पेश करें.

मामले पर अगली सुनवाई 2 फरवरी को नियत की गई है. जबलपुर में 174 मेगालीटर प्रतिदिन वेस्ट वॉटर नालों में जाता है, जिसमें से नगर निगम द्वारा 13 सीवेज प्लांट्स के जरिए केवल 58 मेगालीटर प्रतिदिन पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है. यह पानी नर्मदा तथा हिरन नदी में मिलाया जाता है. न्यायालय को बताया गया कि प्लांट्स की कुल क्षमता 154.38 मेगालीटर प्रतिदिन की है. इसके लिए समय-समय पर करोड़ों रुपए की राशि का आवंटन भी किया गया है.

नगर निगम जबलपुर को अमृत 2.0 सीवर योजना अंतर्गत 1202.38 करोड़ राशि स्वीकृत हुई है. मामले में प्रदूषण बोर्ड की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर कृषि अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड की संयुक्त टीम ने 23 नवंबर 2025 को ओमती नाला, मोती नाला, खूनी नाला, उदरना नाला सहित अन्य नालों से पानी का सेंपल लेकर जांच की थी. जांच के बाद इनके पानी में बीओडी, टोटल कोलिफॉर्म या फेकल कोलिफॉर्म की मात्रा निर्धारित मानक सीमा से अधिक है. जांच से स्पष्ट है कि यह अनुपचारित सीवर का जल है जो पीने, नहाने या खेती सहित किसी भी अन्य उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है. डेमोक्रेटिक लॉयर फोरम की ओर से रविंद्र गुप्ता द्वारा शीघ्र ही सही साफ और बिना संक्रमित पानी पीने लायक घरों में सप्लाई करने हेतु नगर निगम सक्षम नहीं है.